हिन्दुस्तान

बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की व 1036 नकली रैपर समेत 2 गिरफ्तार, जेल

हिन्दुस्तान टीम,गंगापार | Published By: Newswrap

- Last updated: Tue, 12 Jan 2021 06:21 PM

सरायममरेज पुलिस ने इलाके के तिलकठ गांव से दर्जनों बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की, सैकड़ों रैपर स्टीकर एवं नकली ढक्कन की बरामदगी की है। तीन अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में केस दर्ज कर मंगलवार को गिरफ्तार दो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने, अवैध शराब के विक्रय एवं निर्माण को लेकर चलाए गए अभियान के तहत सरायममरेज पुलिस ने 61 पौव्वा बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की, 1036 स्टीकर नकली रैपर व इसकी 839 नकली ढक्कन बरामद की है। इंस्पेक्टर भरत कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अजीत कुमार उपाध्याय व राजेश कुमार सिंह, कांस्टेबल अंकित कुमार, जीतू कुमार व राहुल यादव की टीम ने तिलकठ निवासी शनि जायसवाल पुत्र राकेश जायसवाल व गिर्दकोट निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र अमर बहादुर को उपरोक्त अवैध सामग्री सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। धनूपुर निवासी शरद जायसवाल समेत इन तीनों अभियुक्तों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/gangapar/story-2-arrested-including-bombay-special-whiskey-and-1036-fake-rappers-3740740.html